तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 5 जून 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

10 कंडक्टरों व ड्राइवरों को दिया आपदा ...

10 विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को किया ...


## खबर संक्षेप

### शराब पीने वाले तीन और कोचिए पर हुई कार्रवाई



**कांकेर।** गोण्डाहुर पुलिस ने 3 जनवरी शाम साढ़े 6 बजे ग्राम गोण्डाहुर के बाजार किनारे आरोपी पीव्ही 36 निवासी 37 वर्षीय नेपाल मिस्त्री, पीव्ही 14 निवासी 27 वर्षीय सनातन मांझी और पीव्ही 27 निवासी 22 वर्षीय विभूति राय सार्वजनिक स्थान पर महुआ शराब का सेवन करते हुए पकड़ा और कार्रवाई की। बांदे पुलिस ने 3 जून सुबह साढ़े 10 बजें आरोपी मरोड़ा निवासी विष्णु नाग के घर छापामार कार्यवाही किया गया। तालाशी के दौरान आरोपी द्वारा घर परछी में रखा 4 लीटर महुआ को जप्त किया गया। शराब कोचिए के खिलाफ पुलिस ने 34 (1) (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### घायल बच्चे की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत चंदेली निवासी 9 वर्षीय मोहित शोरी पेड़ से गिर गया। गिरने से उसको गंभीर चोटे आई, जिसके कारण उसका मौत हो गई। सीएचसी चारामा से मिली जानकारी अनुसार मृतक पेड़ से गिरकर घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। अस्पताली मेमो पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कार्रवाई : खनिज अधिकारी ने बताया कि डीजल में प्रथम दृष्टया दिख रही है मिलावट

# बायपास में टैंकर से ट्रकों में डीजल को किया जा रहा था ट्रांसफर, खनिज विभाग ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बायपास कांकेर में गुजरात पासिंग नंबर के दो टैंकर से डीजल को अन्य वाहनों में ट्रांसफर को लेकर हो हल्ला होने पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग और पुलिस विभाग ने मिलकर कार्रवाई की है। खाद्य विभाग ने दो टैंकर और दो लोडर वाहनों को जब्त किया है। लौह अयस्क से भरे ट्रकों पर क्या कार्रवाई की जाए, यह अधिकारी समझ नहीं पा रहे हैं। जिसके चलते समाचार लिखे जाने तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

जानकारी के अनुसार बासपास कांकेर में जीजे 39 टी 8810 में ऊंचाई पर टैंकर खड़ा था और नीचे खड़े टैंकर सीजी 04 क्यूबी 6198 में डीजल पाइप के माध्यम से ट्रांसफर किया जा रहा था। इसके बाद यहाँ पर खड़े लौह अयस्क ट्रकों में पर्ची के अनुसार डीजल दिया जा रहा था। कांग्रेसियों को खबर मिलने पर वाहनों को घेर लिया और उसके बाद मामला प्रशासन के पास पहुँचा। बायपास स्थल पर टैंकर क्रमांक जीजे 12 बीटी 7033 भी खड़ा हुआ था। गुजरात के टैंकर के चालक ने बताया कि गुजरात के कालीगाम से आयल लाया हूँ। इस स्थल पर केवल टैंकर के चालक ही थे, अन्य कोई जिम्मेदार व्यक्ति नजर नहीं आया। टैंकर के चालकों ने बताया कि हम टैंकर लाकर खड़ा करते है, उसके बाजू वाले टैंकर में डाल देते है ▶▶|शेष पेज 11 पर

**खास बातें**

- लौह अयस्क से भरे वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी कतराते रहे
- कांग्रेसियों ने खुले में बिक रहे डीजल पर कार्रवाई करने की उठाई मांग




### डीजल के लिए तीन कंपनी की मिली पर्ची




लौह अयस्क से भरे वाहन क्रमांक सीजी 21 एएफ 9750, सीजी 27 क्यू 9509, सीजी 21 जे 8838 और सीजी 08 एबी 8688 में दो ट्रक में जायसवाल निको इंड्रस्टीज लिमिटेड, एक ट्रक में सेंट्रल आटो सर्विस दल्लीराजहरा, एक ट्रक में सिंघल बिजिनेस प्राइवेट लिमिटेड की डीजल पर्ची थी। लौह अयस्क से भरे वाहन के चालकों ने बताया कि आरीडोंगरी से लौह अयस्क लेकर निकले हैं। इन पर्ची में डीजल की मात्रा लिखी है। इस पर्ची को दिखाकर डीजल यहाँ पर मिलता है। यहाँ से डीजल नहीं लेने पर लौह अयस्क के लिए ट्रक को नहीं लगाया जाता है।

### फुटकर डीजल देने का नहीं था लाइसेंस

फुटकर डीजल को इस तरह से ट्रांसफर करने का कागजात किसी के पास नहीं था। चोपड़ा नाम का व्यक्ति जमीन मालिक आया था, परंतु माहौल देखकर वापिस चला गया। अंत तक खाद्य विभाग को नहीं पता चल सका कि यह डीजल का खेल का संचालन किसके द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने भी पतासाजी किया, परंतु तत्कालिक कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

### युवक एवं एनएसयूआई ने सौपा ज्ञापन

युवक कांग्रेस से पंकज वाधवानी एवं एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने पुलिस को इस मामले में नकली डीजल बेचने के तहत कार्यवाही की माँग किया है। कांग्रेसियों ने ज्ञापन देते हुए मीडिया से कहा कि सबसे पहला दोषी जमीन मालिक है, उस पर कार्यवाही किया जाएगा, तो यह पूरा खेल उजागर हो जाएगा। कांग्रेसियों ने बताया कि यहाँ का डीजल कांकेर के कई पेट्रोल पंप में भेजा जाता है। इसकी जाँच करने की भी जरूरत है।

### डीजल में मिलावट टैंकर को किया सीज

खाद्य अधिकारी जेआर नायक ने बताया कि ट्रैंकर में जो डीजल भरा हुआ था, वो पेट्रोल पंप में जिस प्रकार का होता है, वैसा नहीं है। यह डीजल चिपचिपा टाइप का था। प्रथम दृष्टया डीजल में मिलावट लग रही है, अभी इन वाहनों को जब्त किया गया है। इसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को दिया जाएगा और जो निर्देश मिलेगा, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कुहचे रेलवे ब्रिज के पास सड़क क्षतिग्रस्त, दुर्घटना की आशंका



- एक सप्ताह की भीतर निर्माण नहीं होने पर सर्व आदिवासी समाज करेगा चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

रेलवे ब्रिज कुहचे से चारगाँव मेटाबोदेली सड़क माइंस ट्रकों के कारण बदहाल हो चुका है। जिम्मेदार विभाग कुंभकरण की तरह सोया हुआ है, कोई इस सड़क का सुध नही ले रहा। आम जनता को इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आमजन द्वारा लगातार जनसमस्याओं के समाधान के लिए मांग करने के बावजूद भी जिम्मेदार विभाग गंभीर नही हो रहा। अंतागढ़ रेलवे स्टेशन ब्रिज के पास क्षतिग्रस्त सड़क की मराम्मत की मांग को लेकर अब सामाजिक पदाधिकारी काफी आक्रोश में है। एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए सामाजिक पदाधिकारियों ने ज्ञापन जिला कलेक्टर के नाम अंतागढ़ अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा। समस्या के समाधान की मांग की गईं। तय समय पर कोई पहल नहीं होने से चक्काजाम, रेल रोको जैसे आंदोलन करने की ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है। सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष संतराम सलाम ने बताया कि सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बारिश होने से सड़क में कीचड़ हो जाता है और वहाँ से निकलना मुश्किल हो जाता है। सड़क खराब के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। लोगों में डर बना रहता ▶▶|शेष पेज 11 पर

# काउंसिलिंग शांतिपूर्वक देर शाम तक निपटी 100 महिला शिक्षकों की आज काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के तहत जिले में नरहरदेव स्कूल और जिला पंचायत में सुबह 9 बजे काउंसिलिंग प्रारंभ कर दिया गया था। काउंसिलिंग होते ही तुरंत पदस्थापना आदेश भी जारी किया गया। निरीक्षण करने पहुँचे कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने कई शिक्षकों को पदस्थापना आदेश भी सौंपा। शिक्षकों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। अंतिम समय तक काउंसलिंग के लिए केवल 100 महिला शिक्षक बची, जिनकी आज काउंसलिंग की जाएगी। जानकारी के अनुसार शिक्षकों की काउंसलिंग करवाकर पदस्थापना आदेश जारी करना बहुत कठिन कार्य था। परंतु 2 और 3 जून को जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के नेतृत्व में की गई तैयारी का परिणाम यह रहा कि काउंसिलिंग में किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा। कई ▶▶|शेष पेज 11 पर

### 900 शिक्षकों की हुई काउंसिलिंग




जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि जिले में लगभग 1 हजार शिक्षकों की काउंसिलिंग किया जाना था। देर शाम तक लगभग 900 शिक्षकों की काउंसिलिंग पूरी की गई। 100 महिला शिक्षकों की काउंसलिंग शेष बची थी, जिनकी काउंसलिंग आज 5 जून को की जाएगी।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश, परीक्षा परिणाम जारी

**कांकेर।** जिले में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्कचयन परीक्षा आयोजित की गई थी। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि आयोजित परीक्षा परिणाम की जिलेवार सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड की गई है। मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक से जारी किया जाएगा। आवेदक वेबसाइट पर दर्शित परीक्षा परिणाम में अपना नाम एवं रोल नंबर का मिलान कर सकते हैं। यदि किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक अपने जिले के संबंधित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर 10 जून तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अंतिम तिथि समाप्ति पश्चात दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा।

### हादसे में बाइक सवार की हुई मौत जुर्म दर्ज



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत मरदापोटी के पास हुई सड़क दुर्घटना में विवेचना में पाया गया कि मृतक अपने दोस्त दुबे राम ठाकुर के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 - 1706 में सवार होकर मंलाजकुडुम गए थे। वापिस आते समय करीबन दोपहर डेढ़ बजे मेन रोड मरदापोटी के पास पहुंचे थे कि मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 3162 का चालक र पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मृतक दुर्गेश कुमार ठाकुर और आहत दुबे राम ठाकुर को गंभीर चोटे आई। रायपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान 5 नवंबर को दुर्गेश कुमार ठाकुर का मौत हो गई। मृतक की मौत आरोपी समय को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 3162 के चालक द्वारा एक्सीडेंट करने से गंभीर चोट आने की वजह से होने पर धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

# सियारीनाला से नरहरपुर ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाला मार्ग जर्जर, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

विकासखण्ड नरहरपुर के अंतर्गत सियारीनाला ग्राम से नरहरपुर ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाला लोक निर्माण विभाग का मुख्य मार्ग जर्जरता की चरम स्थिति पर पहुँच चुका है। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए न केवल एक मुख्य आवागमन मार्ग है, बल्कि उनके दैनिक जीवन, प्रशासनिक संपर्क, चिकित्सा सहायता और शिक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में यह मार्ग जर्जर हो जाने के चलते इस पर चलना मुश्किल हो गया है।

जानकारी के अनुसार यह जर्जर मार्ग का रख रखाव लोक निर्माण विभाग के अधीन है, लेकिन वर्षों से मरम्मत या पुनर्निर्माण कार्य नहीं हुआ। इसके चलते जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और सड़क पूरी तरह उखड़गई है। सड़क पर दोपहिया वाहन तक सुरक्षित नहीं निकल पा रहें है। राहगीरों ने बताया कि इस रास्ते से रोजाना कई गांव के हजारों ग्रामीणों का नरहरपुर विकासखंड मुख्यालय के कार्योलयों में जरूरी कार्यों के लिए जाना पड़ता है, परंतु सड़क की यह स्थिति उनके लिए बाधा बन चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें ब्लॉक मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय, बैंक, अस्पताल, राशन केंद्र और शासकीय योजनाओं से संबंधित कार्यों के लिए बार-बार नरहरपुर जाना पड़ता है, लेकिन सड़क की दुर्दशा के कारण कई बार उन्हें पैदल चलने को मजबूर होना पड़ता है या कार्य अधूरे रह जाते हैं। जर्जर मार्ग का सबसे अधिक खामियाजा ▶▶|शेष पेज 11 पर

### जनहित में त्वरित हस्तक्षेप की मांग



ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से अपील किया है कि सियारीनाला से नरहरपुर ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाली इस मुख्य सड़क की मरम्मत को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लिया जाए। यदि शीघ्र पहल नहीं किया गया तो आम जनता को संगठित होकर विरोध प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस सड़क की मरम्मत की मांग की है, मगर न तो जनप्रतिनिधियों ने और न ही संबंधित अधिकारियों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया।









## खबर संक्षेप

### तीन प्रकरण में की गई 12 लाख आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए डबरी, तालाब और कुंआ में डूबने से मृत्यु होने के तीन प्रकरण में उनके आश्रितों को चार-चार लाख के मान से 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील पखांजूर के ग्राम गोण्डाहूर निवासी 25 वर्षीय सुरजा आंचला की डबरी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित मंगतूराम आंचला को चार लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सरोना तहसील के ग्राम पुरियारा निवासी 50 वर्षीय रामेश्वरी सलाम की कुंआ में डूबने से मृत्यु होने पर आश्रित गणेश भास्कर को चार लाख रूपए तथा दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम डांगरा निवासी 45 वर्षीय रजलाल यादव की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित जमुना बाई को चार लाख रूपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### रोजगार के लिए ऋण प्राप्त करने 20 तक मिलेगा मौका

**कांकेर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए 20 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्रदाय किया जाएगा।

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन दे सकेंगे 31 जुलाई तक

**कांकेर।** वर्ष 2025 के लिए डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से 31 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि आवेदन पत्र संबंधित जिला के उप संचालक कृषि कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र उप संचालक कृषि कार्यालय में 31 जुलाई तक जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कृषि विभाग के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### परिवहन विभाग की वाहनों पर कार्रवाई

**दंतेवाड़ा।** जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़कों पर अंधाधुंध गति से वाहन चलाने अथवा वाहनों पर बेतरतीब तरीके से सामान लोडिंग कराने वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं इस क्रम में विगत दिवस विभाग द्वारा एक्शन लेते हुए असुरक्षित ढंग से बाहर निकले हुए पाइप और रॉड ले जारी वाहन पर मोटरयान अधिनियम के तहत 20 हजार रुपये का चालान काटा गया। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी दी कि रोड सेफ्टी के तहत सड़कों को आम जनों के लिए सुरक्षित बनाने एवं लापरवाह वाहन चालकों पर लगाम कसने के लिए विभाग द्वारा आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।

### इंडियन ओवरसीज बैंक की नई शाखा का उद्घाटन

**दंतेवाड़ा।** आज जिले के निवासियों को बैंकिंग सेवाओं की सुविधा के रूप में एक नई सौगात मिली। जब इंडियन ओवरसीज बैंक की नई शाखा का शुभारंभ कलेक्टर कार्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने इस नए बैंक का शुभारंभ किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण भी शामिल हुए, जिनमें इंडियन ओवरसीज बैंक के राज्य प्रमुख वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक गौरी शंकर नायक, मुख्य प्रबंधक गतिकृष्ण पाणिग्रहण, मार्केटिंग प्रमुख वरिष्ठ प्रबंधक बृजेश सिंह गौतम और नव नियुक्त शाखा प्रबंधक मोहन सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

---

**प्रशिक्षण : प्रशिक्षण का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया**

# कंडक्टरों व ड्राइवरों को दिया आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





■ सड़क सुरक्षा के प्रति करना था जागरूक

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कांकेर जिला शाखा ने जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में कंडक्टरों और ड्राइवरों के लिए जिले के कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर एवं सचिव डॉ. महेश सांडिया के मार्गदर्शन में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कंडक्टरों और ड्राइवरों को प्राथमिक उपचार, आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

आयोजित कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता, प्राथमिक चिकित्सा तकनीकें और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। राज्य प्रतिनिधि अनुपम जोफर ने बताया कि हमारा उद्देश्य ड्राइवरों और कंडक्टरों को सुरक्षित यात्रा के साथ-साथ आपातकाल में जीवन रक्षा के लिए तैयार करना है। जिला संगठक पवन कुमार सेन ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का यह प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। तत्पश्चात प्रशिक्षकों द्वारा प्राथमिक उपचार की तकनीकों, जैसे सीपीआर और घावों की देखभाल, को व्यवहारिक रूप से समझाया।

प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि यह उनके कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने में सहायक होगा। प्रतिभागी ड्राइवर देवकुमार पटेल यह प्रशिक्षण मेरे लिए बहुत उपयोगी रहा। सीपीआर और प्राथमिक उपचार की तकनीकों को सीखने से मुझे आपात स्थिति में किसी की जान बचाने का आत्मविश्वास मिला है। वालंटियर राहुल साहू ने और अन्य प्रशिक्षकों ने बहुत सरल और व्यवहारिक तरीके से समझाया, जिससे हमें ये कौशल आसानी से समझ आए। इस तरह के प्रशिक्षण से हम अपने कार्यक्षेत्र में और भी जिम्मेदारी से काम कर पाएंगे। प्रतिभागी कंडक्टर रीना विश्वकर्मा ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि मैंने पहली बार इतने विस्तार से प्राथमिक उपचार और आपातकालीन स्थिति में क्या करना चाहिए, यह सीखा। सड़क पर कई बार छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती हैं, और अब मैं समझ सकती हूं कि ऐसी स्थिति में तुरंत क्या करना चाहिए। यह प्रशिक्षण न केवल मेरे लिए, बल्कि मेरे यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। मैं रेड क्रॉस सोसाइटी और जेपी इंटरनेशनल स्कूल को धन्यवाद देती हूं।

**सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाएगा**

विद्यालय के निदेशक शंकर गिदवानी ने कहा यह प्रशिक्षण हमारे ड्राइवरों और कंडक्टरों को आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। हम रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ मिलकर सामाजिक जागरुकता और मानवीय सेवा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विद्यालय के प्राचार्य रितेश कुमार चौबे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ मिलकर आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सामुदायिक सुरक्षा और जागरुकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम ऐसे सामाजिक प्रयासों को समर्थन देने के लिए गर्व महसूस करते हैं।

---

# जल संरक्षण व संवर्धन के लिए दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

मोर गाँव, मोर पानी महाअभियान के तहत 2 जून से 5 जून तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। तृतीय दिवस 4 जून को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए कलस्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जल संरक्षण के लिए चलचित्र व विभिन्न माध्यमों से पानी की संरक्षण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जल संरक्षण के लिए जल की महता बताते हुए सभी गांवों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना के लिए प्रेरित किया गया एवं बनाए जाने वाले विभिन्न संरचनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकरी जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल सुरेन्द्र बंजारे, आशिष सोनकर कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, नंदनी दिवान बीपीएम, लीलाधर नाग क्षेत्रीय समन्वयक, सहभागी समजा सेवी संस्था के मास्टर ट्रेनर नवीन रजक, राकेश साहू एवं संजय रावटे तकनीकी सहायक मनरेगा के द्वारा जल संरक्षण के लिए चलचित्र व विभिन्न माध्यमों से पानी की संरक्षण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार बंजारे के द्वारा उपस्थित समस्त जन प्रतिनिधि, प्रतिभागियों एवं उपस्थित कर्मचारियों को जल संरक्षण के संबंध में ग्राम पंचायतों में जागरुकता रैली, दिवाल लेखन व नारा के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने किया गया। पानी बचाने के लिए विभिन्न उपायों को करने के लिए कार्ययोजना में कार्यों को शामिल किए जाने व आने वाले भविष्य के लिए पानी बचाने के लिए अपलि कर आभार प्रदर्शन करते के लिए कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण में कल्याणी महिला कलस्टर संगठन के अंतर्गत आने वाले 13 ग्राम पंचायत सुरूंगदोह, कोड़ेकुर्से, गुदूम, पचांगी, हामतवाही, चिखली, गोड़पाल, ओटेकसा, करकापाल, मंगहूर, कोण्डरूंज, कराकी, चाउरगांव के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम संगठन पदाधिकारी, सीआरपी, पीआरपी एवं समूह के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

---

# सरोना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत जर्जर क्षेत्रवासियों को नहीं मिल रहा समुचित इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना




■ सुधार नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

जिले के सरोना गांव में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत आज अत्यंत दयनीय हो चुकी है। चारों ओर से जर्जर भवन, गिरते हुए छत और दीवारों में दरारें यह दृश्य किसी भी आम अस्पताल का नहीं बल्कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है। जिस पर पूरे गांव की प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था टिकी हुई है। पूर्व सरपंच सूरज कोराम ने इस मुद्दे को लेकर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इस भवन की हालत इतनी खराब है कि मरीजों को न तो इलाज के लिए सुरक्षित जगह मिलती है और न ही स्टाफ को काम करने का सुरक्षित माहौल। बरसात के समय छत से पानी टपकता है, बिजली की व्यवस्था अस्थिर है, और इमारत कभी भी गिर सकती है। सरोना व आसपास के ग्रामों के नागरिकों में विभाग की उदासीनता को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि कई बार ज्ञापन सौंपने के बावजूद आज तक न तो भवन की मरम्मत हुई और न ही नए भवन के निर्माण की कोई ठोस पहल शुरू हुई। स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में ग्रामीणों को 10 से 15 किलोमीटर दूर स्थित मुख्य अस्पताल का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और जीवन दोनों का खतरा बना रहता है। स्वास्थ्य केंद्र में तैनात स्टाफ भी इस खस्ताहाल भवन में अपनी ड्यूटी करने से डरते हैं। कर्मचारियों ने बताया कि भवन की हालत के चलते उपकरणों की सुरक्षा भी खतरे में रहती है और आपातकालीन स्थिति में इलाज करना भी चुनौती बन जाता है। गांव के लोगों की मांग है कि प्रशासन इस विषय पर तत्काल संज्ञान ले और या तो भवन की मरम्मत कराए या नए भवन का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करे। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक आंदोलन करने को विवश होंगे।

---

# नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए लगा विशेष शिविर

**दंतेवाड़ा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज कारली में आज नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के सहयोग से आवश्यक दस्तावेजों और योजनाओं की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई। इसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, बस पास, नरेगा जॉब कार्ड, सामाजिक पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंक खाता खोलना, स्व सहायता समूह से जोड़ना, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, कौशल विकास प्रशिक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और वन अधिकार पट्टा जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं शामिल थीं। शिविर का संचालन नोडल अधिकारी गोवर्धन प्रसाद साहू द्वारा किया गया, जिन्होंने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर नक्सल पीड़ित परिवारों को सभी जरूरी दस्तावेज और सुविधाएं प्रदान कराईं। इसके साथ ही साहू ने यह भी बताया कि जिला प्रशासन की पहल पर हर ब्लॉक स्तर पर हर हफ्ते इस तरह के विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

---

# भ्रष्टाचार जिस पार्टी की संस्कृति बन गई हो उनको झूठे आरोप लगाना शोभा नहीं देता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ नपा अध्यक्ष कौशिक ने कांग्रेस को घेरा

कांग्रेस पार्टी द्वारा दुधावा तालाब गहरीकरण कार्य में घोटाला करने व उक्त कार्य के लिए टेंडर खुलने से पहले ही कार्य प्रारंभ करने की बात को सिरे से नकारते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि भ्रष्टाचारी व घोटालेबाजों की पार्टी कांग्रेस को भाजपा के विकास कार्यों में भी घोटाला नजर आ रहा है। कांग्रेस जिस निविदा में घोटाले की बात कर रहे हैं, वो निविदा अभी तक खुली ही नहीं है और तालाब में दूसरे कार्यों के लिए है। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि यह स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि दुधावा तालाब का गहरीकरण कार्य जनसहयोग से किया जा रहा है। गहरीकरण कार्य में जितनी भी मशीनें लगी है, वह सब जन सहयोग से लगी है, जो इस शहर के विकास के प्रति चिंतित है। गहरीकरण कार्य में सहयोग दे रहे है। दुधावा तालाब का जब गहरीकरण कार्य जन सहयोग से हो रहा है और फिर उसमें निविदा लगाने या घोटाले की बात ही मनगढ़ंत है। कांग्रेसी जिस निविदा की बात कर रहे है, वो 19 और 13 लाख के टेंडर दुधावा तालाब के सौंदर्यीकरण, विद्युत पोल और तालाब किनारे पौधरोपण के लिए मंगाया गया है। तालाब के गहरीकरण से उक्त टेंडर का कोई संबंध नही है। कांग्रेसी नेता सस्ती लोकप्रियता के लिए बिना जानकारी घोटाले के आरोप लगाकर भाजपा सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे है। कांग्रेस को शहर के विकास से कोई मतलब नही है। आजादी के बाद से कांग्रेस की सरकार नगर पालिका की सत्ता में रही है, इन्होंने कितना विकास किया बता दे। उन्होंने कहा की भ्रष्टाचार के मामले अगर सामने आते है, तो इसकी हम पूरी निष्पक्षता के साथ जांच कराएंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि हमने देखा है कि नगर पालिका में कांग्रेस सरकार के दौरान भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने वाले पत्रकारों को किस प्रकार से सरेराह थाने के सामने पीटा गया था। भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने पर कांग्रेसी नेता जान से मारने की धमकी देते थे। भ्रष्टाचार जिस पार्टी की संस्कृति, परिपाटी बन गई हो उनको भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाना शोभा नहीं देता।

---

# जिले में पारदर्शी ढंग से हो रहा युक्तियुक्तकरण



**कांकेर।** जिले में स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के पश्चात समानुपातिक रूप से शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शिता के साथ संपन्न हो रही है। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशानुसार राज्य शासन के द्वारा जारी युक्तियुक्तकरण की नीति से जिले के शिक्षक संतुष्ट नजर आए।

वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार जैन, पूर्व पदस्थापना माध्यमिक शाला देवडोंगर जिनकी सेवा निवृत्ति में उन्नीस माह शेष हैं ने बताया कि पहले उन्हें इस प्रक्रिया को लेकर चिंता थी। लेकिन प्रशासन की पारदर्शी कार्यप्रणाली देखकर उनका विश्वास बढ़ा। सूची में उनका नाम सही स्थान पर था और काउंसलिंग में रिक्त स्थानों की जानकारी भी स्पष्ट रूप से दी गई। शिक्षक आत्माराम मंडावी ने बताया कि जैसे उन्होंने सोचा था, वैसे ही उनकी पदस्थापना माध्यमिक शाला दाबकट्टा से माध्यमिक शाला बरबसपुर भानुप्रतापपुर उनके ब्लॉक में हुई। इस पूरी प्रक्रिया में कलेक्टर, सीईओ और जिला शिक्षा अधिकारी स्वयं उपस्थित रहे। जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता और भी पक्की हुई। इसी प्रकार अन्य शिक्षकों ने पारदर्शीपूर्ण, निष्पक्ष रूप से चल रही युक्तियुक्तकरण की कार्रवाई पर शिक्षक जगत में हर्ष व्याप्त है। युक्तियुक्तकरण न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगी, बल्कि व्यवस्था में विद्यार्थियों के समानुपातिक प्रबंध पर शिक्षकों का विश्वास भी मजबूत हो रहा है।

---

# खरीफ फसलों की तैयारी के लिए लगाए जा रहे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा खेती में तकनीकी विधि एवं विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम 29 मई से 12 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत तकनीकी विधि से खेती करने की जानकारी, प्राकृतिक खेती से लाभ, रासायनिक उर्वरकों की मात्रा कम कर जैव उर्वरकों को बढ़ावा देना, जैविक कीट नियंत्रण विधि, एकीकृत कृषि प्रणाली से खेती करना एवं कृषि समवर्ती विभागों की संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार करना है। कांकेर विकासखंड के ग्राम धनेलीकन्हार के बाजार शेड में विकास कृषि संकल्प अभियान का शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि से संबंधित समस्याओं का निराकरण एवं विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी, मृदा परीक्षण, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, फसलों की उन्नत किस्म, लघु धान्य फसलों से लाभ, समन्वित कीट व्याधि बीमारियों की रोकथाम, फसल चक्र से लाभ की जानकारी विस्तार पूर्ण से कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सीएल ठाकुर द्वारा दी गई। सहायक शिक्षक कृषि महाविद्यालय कांकेर डॉ. अनिल नेताम ने खरीफ फसलों की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कृषकों को 17 प्रतिशत नमक घोल से बीज उपचारित करने की प्रदर्शन विधि बताई। वहीं पंकज तेता ने ड्रोन का प्रदर्शन के बारे में उसके लाभ, दवाइयों का छिड़काव करने की विधि, खेती की लागत में कमी, के बारे में कृषकों को विस्तार से जानकारी दिया। कृषि अभियांत्रिकीय विभाग के हरि देवांगन द्वारा कृषि में उपयोग होने वाले कृषि यात्रों पर शासकीय अनुदान के संबंध में विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई। उद्यानिकी विभाग से अंकित गुप्ता द्वारा सब्जियों, फूलों एवं फलों की खेती उद्यानिकी विभाग से संचालित विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा के कर्मचारियों द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार सामग्री कृषकों को वितरण किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुलोचना मेश्राम, जनपद सदस्य सरस्वती केमरो, उमेश साहू , सरपंच मधु मंडावी, उपसरपंच वेद कुमार औरसा, कृषि विभाग के सहायक संचालक डीआर कोमरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मयाराम नेताम, कृषि विकास अधिकारी संदीप जैन, राकेश वर्मा, इशू कवाडे, ललित सीदार, वरुण दिवाकर, राधेलाल, बलवीर, आत्मा योजना से सलमान, रमेश साहू, देवेंद्र साहू, कृष्ण कुमार साहू, किरण यादव, नितेश, जितेंद्री नायक, तिजू लाल, सुमित्रा, फुलेश्वरी उपस्थित रहे।

---

**आधार कार्ड के साथ दूरसंचार कनेक्टिविटी सुविधाओं का मिल रहा लाभ**

# विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को किया जा रहा लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार करना है, ताकि उनका त्वरित गति से विकास सुनिश्चित किया जा सके।

जिले के विकासखंड नरहरपुर के कुल 13 ग्रामों में 72 परिवार कुल जनसंख्या 283, पुरूष 147 एवं महिला 136 के विशेष रूप से कमजोर जनजाति कमार निवासरत हैं। इनके जीविकोपार्जन के साधन व बांस शिल्प कला, कृषि एवं मजदूरी है। सहायक आयुक्त ने बताया कि पीएम जनमन मिशन अंतर्गत प्रत्येक परिवार को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक कार्य एवं सामुदायिक कार्यों के तहत शासकीय योजनाओं का लाभ विशेष रूप से कमजोर परिवारों पीवीटीजी एवं सभी पीवीटीजी ग्रामों को शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाने 9 केन्द्रीय मंत्रालय के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वीकृति गतिविधि अनुसार मिशन अंतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजाति के जीवन स्तर में सुधार करने के लिए पात्र परिवारों को पक्के घर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 20 आवास में से 17 कार्य पूर्ण तथा 01 आवास प्रगतिरत है। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 02 कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में सड़क निर्माण के 04 कार्य स्वीकृत है, जिसमें दलदली से कमारपारा दलदली, भीमापारा से बासनवाही बाजारपारा, मावलीपारा आवासपारा से कमारपारा और गंवरसिल्ली से खासपारा में कार्य प्रगतिरत है। इसके अलावा स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के हितग्राही को शिक्षा, आधार कार्ड, प्रत्येक परिवार का राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य एवं पोषण, दूरसंचार कनेक्टिविटी इत्यादि सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

---

# जागरुकता व संतृप्ति शिविर का आयोजन होगा 15 से

**कांकेर।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का लक्ष्य बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दृष्टिगत रखते हुए जनजातीय क्षेत्रों और जनजातीय समुदायों के व्यापक विकास करना है। जिले के कुल 7 विकासखंडों के चिन्हांकित 552 ग्रामों के जनजातीय समुदायों को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की जानकारी प्रदाय करने के लिए जागरुकता एवं लाभार्थी संतृप्ति शिविर का आयोजन आगामी 15 से 30 जून तक किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त ने बताया कि समन्वित दृष्टिकोण और भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से योजना का उद्देश्य समग्र, टिकाऊ और समावेशी विकास सुनिश्चित करते हुए आदिवासी समुदायों को सेचुरेशन मोड में सशक्त बनाना है। आदिवासी समुदायों को संतृप्ति मोड में सशक्त बनाने 17 केन्द्रीय मंत्रालय के माध्यम से 25 महत्वपूर्ण गतिविधियों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से जनजातीय समुदायों को तत्कालिक गतिविधि जैसे आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता, आयुष्मान भारत कार्ड, सिकलसेल बीमारी की जांच, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड का लाभ प्रदाय किया जाएगा। इसके अलावा पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, रोजगार और आजीविका योजनाएं मनरेगा अन्य योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक कॉलेज में 11 जून से होगी प्रवेश

**गीदम।** एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश 11 जून से शुरू होंगे। संस्थान में दो स्ट्रीम हैं इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग। सीजीडीटीई रायपुर अधिसूचना के अनुसार पहले दौर की काउंसलिंग के लिए पंजीकरण 11 जून से शुरू होकर 15 जून तक चलेगा। सीजीडीटीई के नियम के अनुसार माओवादी क्षेत्र होने के कारण छात्र 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होने पर प्रथम वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं। जबकि दूसरे वर्ष या लेटरल एंट्री प्रवेश के लिए छात्र को गणित स्ट्रीम में 12वीं पास होना चाहिए या आईटीआई पूरा करना होगा। संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने बताया कि संस्थान प्लेसमेंट, खेलकूद, आईआईसी, एनपीटीईएल आदि के मामले में न केवल बस्तर क्षेत्र में बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य में भी शीर्ष स्थान पर है। इस परिप्रेक्ष्य में देखते हुए कोई भी छात्र संस्थान में शामिल होकर अपने भविष्य को सही दिशा में आकार दे सकता है।

### माहेश्वरी समाज ने अपनी उत्पत्ति के 5158 वे वर्ष पर किया आयोजन

# महेश नवमी पर शिखर पर लहराया महेश ध्वज



वंशोत्पत्ति दिवस के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा में महाकाल अघोरी झांकी देखने उमड़े श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बुधवार को श्री महेश नवमी के पावन अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा जगदलपुर में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किए गए। माहेश्वरी बंधु उत्साह, श्रद्धा और समर्पण भाव से इस आयोजन में शरिक हुए। माहेश्वरी भवन में समाज सदस्यों ने महेश ध्वज फहराया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई थी, इसलिए यह पर्व समाज के लिए अत्यंत विशेष और गौरवपूर्ण होता है, यह 5158 वाँ वर्ष है। देर शाम हनुमान मंदिर से माहेश्वरी भवन तक शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने नृत्य और गायन के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। भगवान महेश की आकर्षक झांकी के साथ अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक झांकियां भी शामिल थीं।

महेश नवमी के अवसर पर बुधवार सुबह 8 बजे रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। इसके बाद पूरे प्रदेश में एक साथ प्रातः 10 बजे समाज भवन में महेश ध्वज फहराया गया। पूजा अर्चना के पश्चात मंचीय कार्यक्रम शुरू हुए जिसमें सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडे, पूर्व विधायक संतोष बाफना, चैंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी एवं समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। अतिथियों ने समाज में माहेश्वरी बंधुओं के योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि माहेश्वरी समाज की व्यापार, संस्कृति और समाज सेवा में अग्रणी भूमिका रही है।

#### प्रतिभा का सम्मान



मंच से समाज श्री, समाज शिरोमणि एवं युवा रत्न सम्मान के साथ समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान भाटापारा से आए रामरतन मूंधड़ा, अभनपुर की लक्ष्मीदेवी राठी एवं धमतरी के प्रतीक भट्टड़ का स्वागत समाजजनों ने किया। समाज के सदस्यों के लिए थायरोकेयर के सहयोग से फुल बॉडी चेकअप कैंप का आयोजन किया गया था। साथ ही आनंद समारोह के तहत गौशाला में गौ सेवा, छप्पन भोग, वृक्षारोपण, मरीजों को फल वितरण एवं भिक्षुक भोग जैसे पुनीत कार्य भी संपादित किए गए। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष चंद्रेश चांडक, सचिव नथमल पानपालिया, माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष नीतू तापड़िया, सचिव खुशबू चांडक, माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष राकेश राठी, सचिव गोपाला चांडक, प्रदेश संगठन मंत्री गजेंद्र चांडक, सहसचिव अनिल केला एवं शहर व जिला कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे। महेश नवमी के संयोजक गोविंद ईनाणी एवं प्रवीण गांधी आयोजन की व्यवस्था संभाले हुए थे।

# 10वीं में एवन और 12वीं में रूपेश ने टॉप कर समाज का बढ़ाया गौरव, हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अखिल भारतीय हल्बी आदिवासी समाज ब्लाक बस्तर एवं अखिल भारतीय हल्बा हल्बी प्रतिभा सम्मान समिति जगदलपुर द्वारा कैरियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह ब्लाक बस्तर के ग्राम बलेंगा के सामाजिक प्रेरणा भवन में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता सियाराम चनाप अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बी आदिवासी समाज जिला बस्तर एवं बसंत गावों अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज ब्लाक बस्तर डी. टी. आर. राजे अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला बस्तर जी. एस. ठाकुर , अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज प्रतिभा सम्मान समिति जगदलपुर और मुख्यअतिथि भानुप्रताप सिंह चुरेन्द्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बस्तर रहे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि चतुर्भुज पिस्दा न्याय समिति सदस्य केंद्रीय महासभा के. आर.रात्रे सचिव कर्मचारी प्रकोष्ठ जगदलपुर डी.डी.सिंग, एम. डी. मसियाजी हरिशचंद्र लेकाल , अगरचन्द्र चुरेन्द्र योगेश कुमार साहनी , हरीश चन्द्रकार कैलास राकटे, रामेश्वर राणा , दामुलाल बाकड़े , त्रिलोकी प्रभुलिया , डिलेश्वर कोकोडिया दयाराम प्रभुलिया रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पागा एवं चावल टिका लगाकर किया गया। प्रतिभावान छात्र छात्राओं का स्वागत समिति के सदस्य छेदीलाल बघेल मदन ठाकुर विक्रमसिंह कुदराम महेश्वर मर्रा द्वारा किया गया। प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मोमेटो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 12 वीं में रुपेश रावटे कु. किती भोवर धवल काशी कु. भावना सिंह ठाकुर क्रिश कुमार पौसार्य नोमेश कुमार करचाल कक्षा 10 वीं में एवन भंडारी अंकित भुआर्य चित्रांश भोयर कु. जागृति भलेंद्र तालध्वज मांझी यतिन्द्र कुमार नाग झविंद्र राणा अभय म्यारे नितिन जिराम पीयूष भोयर गोपंशु गरि कु.रीता नाग कुणाल देहारी लिलेश्वर खड़हा वासुदेव चिराम मयंक नाग एवं उत्कृष्ठ कार्य करने वाले शिक्षक तथा सामाजिक कार्यकताअरं को सम्मानित किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में पुरुषोत्तम तारम प्रधान अध्यापक गिरिवर रावटे व्याख्याता नरेश कुमार भलेंद्र व्याख्याता डॉ रीना लक्ष्मी लेडिया तीजूराम ठाकुर ज्योति बघेल प्रियंका पौसार्य सुकचंद बघेल किशन कुमार भोयर मोहिता बेलसरिया भुनेश कुमार पटेल भुनेश कुमार पटेल चैतराम भुआर्य लेखन भोयर को सम्मानित किया गया। रूपेश रावटे को कक्षा 12 वीं में 94% अंक अर्जित करने पर समाज का गौरव चुना गया और स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कक्षा 10 वीं में एवन भंडारी 87% को मैडल एवं स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन विक्रमसिंह कुदराम द्वारा किया गया।

#### परीक्षा भविष्य को निखारती है

मुख्य अतिथि ने कहा की प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम बच्चों का हौसला अफजाई में मिल का पत्थर साबित होगा। बच्चे के भविष्य की नींव जितनी मजबूत होगी उतनी बड़े हमारे समाज व देश मजबूत होगी।

## शराब नीति के विरोध में तत्कालीन कदम उठाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

युवा कांग्रेस नेता आदित्य सिंह बिसेन ने कहा छत्तीसगढ़ में बढ़ती शराब की दुकानों और नए लाइसेंस नियमों के विरोध में हम छात्र एवं युवाओं के प्रतिनिधि के रूप में अपनी आवाज उठा रहे हैं,हमारी सरकार से मांग है कि वह तत्काल प्रभाव से इन नीतियों की समीक्षा करे और राज्य की जनता एवं समाज हित में निर्णय ले। विभिन्न बिंदुओं पर हम सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। नए शराब दुकान की स्थापना नए शराब दुकानों की स्थापना से समाज में नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है, खासकर युवाओं और छात्र वर्ग पर। इससे अपराध और सामाजिक समस्याएं बढ़ सकती हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं कानून-व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। हमारी मांग है कि नए शराब दुकानों के प्रस्ताव को निरस्त किया जाए।

ओवर रेटिंग शराब दुकानों में उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य वसूला जा रहा है प्रति व्यक्ति 20 से 50 रुपए तक अधिक दर वसूला जा रहा है, जिससे जनता को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। हमारी मांग है कि सरकार इस पर सख्त नियंत्रण रखे और उचित मूल्य निर्धारण सुनिश्चित करे।

## एयरपोर्ट में घंटों इंतजार के बाद भी गृहमंत्री से नहीं हो सकी भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर मुक्ति मोर्चा तथा जनता कांग्रेस छग जे के प्रमुख नवनीत चांद बस्तर के जनहित से जुड़े प्रमुख समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा से भेंट करने के लिए एयरपोर्ट में घंटो इंतजार करते रहे।

इस दौरान जिला प्रशासन के सक्षम अधिकारियों से भी समय दिलाने के लिए विनती करते रहे लेकिन समय नही मिल पाया।

उन्होंने उनके नाम का ज्ञापन और पुष्प गुच्छ को एयरपोर्ट के बाहर छोड़कर दुखी मन से लौट गए। सुरक्षा अधिकारियों से भी उन्होंने निवेदन किया कि भले ही हमें जाने ना दें पर हमारे संदेश और ज्ञापन को गृहमंत्री तक पहुंचा दे परंतु सभी ने इस निवेदन को अस्वीकार करते हुए अधिकृत ना होने का हवाला दिया।

नवनीत ने जारी बयान में कहा कि

बस्तर के विपक्ष के नेताओं के सामने प्रशासन ने कोई विकल्प ही नहीं छोड़ा आप एक सरल व्यक्तित्व के व्यक्ति हैं जिनसे मिलना और मन की बात कहना आसान है।

पर आज यह बहुत कठिन लगा बात बस्तर के रोड मैप की थी। इसलिए विपक्ष ने सत्ता से टकराहट का रास्ता छोड़ चर्चा ही चाहता था।

# वन कर्मचारी संघ के 3 जिले अध्यक्ष का हुआ निर्वाचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के 3 जिलों बस्तर, सुकमा और बीजापुर में वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पद पर निर्वाचन हुआ। इसमें बस्तर जिला से समस्त वन कर्मचारी साथियों ने एकता का परिचय देते हुए एकमत से एक नाम दामूधर सेठिया का नाम प्रस्तावित किया, जिसमें सभी ने सर्वसहमति देते हुए उन्हें निर्विरोध निर्वाचित किया गया। उसी तरह सुकमा से भी समस्त कर्मचारियों ने अपने सर्वसहमति से दिलीप मंडावी को निर्विरोध जिला अध्यक्ष सुकमा हेतु सहमति प्रदान किए। जिला बीजापुर में भी पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ मांझी को पुनः जिला अध्यक्ष हेतु निर्विरोध निर्वाचित कर संगठन एवं अध्यक्ष के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दिया। संघ के संभागीय अध्यक्ष अमित कुमार झा ने सभी निर्वाचित जिला अध्यक्षों को कर्मचारी हित में कार्य करने का आव्हान किया। बस्तर जिला के निर्वाचन कार्य को निर्वाचन अधिकारी मनीष कुशवाहा एवं मो. रिजवान रिजवी द्वारा सम्पन्न कराया गया। बस्तर के निर्वाचन में मुख्य रूप से को सलीम प्रांतीय महामंत्री, संभागीय सचिव धर्मेंद्र सिंह एवं सभी बस्तर के वन कर्मचारी शामिल रहे।

## ग्राम पंचायतों को मिला प्रशिक्षण



**लोहंडीगुड़ा।** जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा में मोर गांव मोर पानी महाअभियान एवं संगम अभियान अंतर्गत कलस्टर मटनार-आंजर के ग्राम पंचायतों को प्रशिक्षण दिया गया साथ ही जनमनरेगा ऐप के बारे में बताया गया एवं रजिस्ट्रेशन करवाया गया. जिसमे सरपंच , सचिव , ग्राम रोजगार सहायक, मनरेगा मेट और सीएलफ के सदस्य उपस्थित थे।

पेज 09 के शेष...

### बायपास में टैंकर...

उसमें मशीन लगी हुई है, उसके माध्यम से लौह अयस्क से भरे ट्रकों में डीजल डाला जाता है। उस स्थल पर खड़े कई लोगों ने बताया कि मिट्टी तेल में एक केमिकल डालकर डीजल तैयार किया जाता है।

### कुहचे रेलवे ब्रिज...


है, कई दफा दुर्घटना भी हुआ है, लेकिन विभागीय अधिकारी कोई ठोस पहल नहीं कर रहे है, जिससे क्षेत्र के लोगों को आने जाने में समस्या होती है। कोदागाँव, चारगांव सड़क भी माइंस ट्रकों के कारण पूरी तरह से जगह जगह गड्ढे और क्षतिग्रस्त हो गई है। सिंगल सड़क और हर दिन सैकड़ो बीएसपी और निक्को की ट्रकों से सड़क खस्ताहाल है। छोटी छोटी जनसमस्याओं को भी लगातार प्रशासन के पास रखने पर प्रशासन भी गंभीर नहीं है। हमेशा अनदेखा करती है, जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज हिरालाल मांझी, विश्राम गांवड़े, परगना अध्यक्ष प्रेम उइके, दालसु आंचला, मनेश आंचना, अर्जुन उसेंडी, बजनाथ, नारसू दुग्गा, सूरजदेव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### काउंसिलिंग शांतिपूर्वक...

शिक्षकों ने समस्याएं बताई, उपस्थित अधिकारियों ने उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण भी किया। कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर सबसे पहले पीएमश्री नरहरदेव विद्यालय में चल रहे काउंसलिंग का निरीक्षण किया और शिक्षकों से संवाद भी किया। कलेक्टर के पहुँचने तक जितने शिक्षकों का पदस्थापना आदेश तैयार हो गया था। उन आदेश को कलेक्टर के हाथों शिक्षकों को दिया गया। इसके उपरांत कलेक्टर जिला पंचायत में चल रही काउंसिलिंग का जायजा लिया और यहाँ पर भी पदस्थापना आदेश दिया गया। काउंसिलिंग की मानीटरिंग एसडीएम अरूण वर्मा द्वारा किया जा रहा था।

### सियारीनाला से नरहरपुर...

बीमार लोगों और गर्भवती महिलाओं को उठाना पड़ रहा है। कई बार एम्बुलेंस मार्ग में फंस जाती है, जिससे मरीजों को गंभीर जोखिम उठाना पड़ता है। स्कूली बच्चे और कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राएं भी प्रतिदिन इस खराब मार्ग से गुजरते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और समय दोनों प्रभावित हो रहे हैं।




प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
मा. श्री विष्णुदेव साय जी
के संबलपुर
(भानुप्रतापपुर)
में प्रथम आगमन पर
शत्-शत्
अभिनंदन...